## सार-समाचार

### परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई

**करौली, (निसं)।** यहां के ब्राह्मण सभा भवन में ब्राह्मण समाज के लोगों ने परशुराम जयंती के अवसर पर परशुराम भगवान की प्रतिमा का विद्वान पंडितों के मंत्रोच्चारण के बीच पंचामृत से अभिषेक कर पूजा आरती के साथ परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई। हर वर्ष की भांति रविवार को प्रात: 8 बजे से शहर के ब्राह्मण सभा भवन में ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष मदन मोहन पचौरी के तत्वाधान में परशुराम जयंती के अवसर पर विद्वान पंडित भगवताचार्य रमेश चंद शास्त्री पंडित मुरारी लाल शर्मा आदि विद्वान पंडितों के मंत्रोच्चारण के बीच भगवान परशुराम की प्रतिमा पर ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष मदन मोहन पचौरी मंदिर मठ संघ के प्रदेश संयोजक रमेश राजोरिया सेवानिवृत्त व्याख्याता पुरुषोत्तम लाल शर्मा रघुवीर हरदेनिया पूरनचंद शर्मा डॉक्टर देव कुमार शर्मा एडवोकेट राजेश शर्मा संजय शर्मा पार्षद केशव भारद्वाज रविंद्र शर्मा मांन प्रकाश शुक्ला गोविंद व्यास प्रेम प्रकाश शुक्ला विनोद शर्मा सहित ब्राह्मण समाज के प्रमुख लोगों ने पंचामृत से अभिषेक कर परशुराम भगवान की जयकारों के साथ पूजा अर्चना कर परशुराम जयंती धूमधाम के साथ मनाई। और विद्वान पंडित रमेश चंद्र शास्त्री ने भगवान परशुराम के जन्मोत्सव सहित महिमा पर व्याख्यान दिया। उसके बाद परशुराम भगवान का भोग लगाकर प्रसादी वितरण की। इसी अवसर पर ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पचौरी की अध्यक्षता में परशुराम भगवान की शोभायात्रा निकालने पर चर्चा करने के लिए बैठक आयोजित की गई बैठक में आगामी रविवार को शाम 5 बजे ब्राह्मण सभा भवन में बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया की आगामी बैठक में भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकालने पर विस्तार से चर्चा की जावेगी इसी मौके पर डॉक्टर देव कुमार शर्मा ने अपनी ओर से एक सुझाव रखा गया कि आगे भविष्य के लिए स्वर्ण वर्ग जिसमें खास तौर से ब्राह्मण अठावाल और राजपूत समाज संगठित होकर समाज हित में कार्य करें जिसके लिए श्रवण वर्ग की एक कमेटी बने जिस पर विचार किया जाए डॉक्टर देव कुमार के सुझाव पर सभी ने सहमति जताई।

### श्रीराधा-गोविंद प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** कर्मचारी कॉलोनी स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में श्रीराधा-गोविंद प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ हुआ। यह महोत्सव नई अनाज मंडी हनुमान मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी गोविंद दीक्षित ने बताया कि इस कलश यात्रा में सजी-धजी वेशभूषा में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण किए। आकर्षक झांकियों के साथ यह यात्रा समारोह स्थल तक पहुंची। यात्रा के दौरान भगवान राधा-कृष्ण और शिव-पार्वती की झांकियां सजाई गईं, जिन्होंने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। डीजे और बैंडबाजों की धुन पर भजनों पर उत्साही युवा और महिलाएं नाचते-गाते हुए भगवान के जयकारे लगा रहे थे। कलश यात्रा के समापन के बाद भगवान श्री राधा-गोविंद की प्राण प्रतिष्ठा के संस्कार विधि-विधान से संपन्न हुए। ब्राह्मण विद्वानों के सान्निध्य में जलवास, अन्नवास, घृतवास, शयनवास और फलवास सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। इस महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर हेमंत शर्मा, गोविंदनारायण शर्मा, बालकृष्ण शर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक और सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

### वैदिक अनुष्ठान के साथ हुई महाआरती

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** ब्राह्मण धर्मशाला हिंडौन सिटी में रविवार प्रात: भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्राह्मण समाज हिंडौन सिटी के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य अवधेश शास्त्री एवं ज्योतिषाचार्य पुष्पेंद्र पाठक द्वारा वैदिक विधि से भगवान श्री परशुराम के अभिषेक से हुआ। इसके बाद पूजन-अर्चन एवं महाआरती आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर आयोजित आमसभा में वक्ताओं ने भगवान श्री परशुराम के जीवन चरित्र, आदर्शों एवं उनके संदेशों पर प्रकाश डालते हुए समाज को उनके बताए मार्ग पर चलने का आव्हान किया। वक्ताओं ने कहा कि भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार थे और उन्होंने दुष्टों के विनाश तथा धर्म स्थापना का कार्य किया। अक्षय तृतीया एवं बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने की परंपरा से भी इस पर्व के महत्व को जोड़ा गया। सभा में वक्ताओं ने यूजीसी से जुड़े प्रस्तावित काले कानून का विरोध करते हुए इसे वापस लेने की मांग भी उठाई। वक्ताओं ने कहा कि यह कानून सवर्ण समाज के बच्चों के भविष्य के लिए घातक है तथा इससे सामाजिक वैमनस्य की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। कार्यक्रम में वासुदेव शर्मा, अशोक शर्मा, मनजीत मुद्गल, सुरेंद्र तिवारी, शंकरलाल चतुर्वेदी, आकर्षण उपाध्याय, सुरेंद्र शांडिल्य, अभिजीत शांडिल्य सहित सैकड़ों समाजबंधुओं ने भाग लिया। अंत में प्रसादी वितरण किया गया।

### आखातीज पर बांटा सत्तू व फलों का प्रसाद

**भरतपुर, (निसं)।** श्री बांके बिहारी प्रसाद वितरण समिति द्वारा बिहारी जी मंदिर पर मंगला आरती में कन्टेनरों में भरकर 125 किलो सत्तू का प्रसाद और 2 क्विंटल फलों का प्रसाद दोनों में वितरित किया। समिति के अध्यक्ष श्याम सुन्दर कटारा ने बताया कि कन्टेनरों में सत्तू का प्रसाद बांटना भक्तों में आकर्षण रहा क्योंकि भक्त आसानी से उसे घर तक ले जा सके। मंगला में प्रात: 5 से 7 बजे तक खूब प्रसाद बंटा, भक्तों की भीड लगी रही। कटारा ने बताया कि अक्षय का मतलब है जो कभी समाप्त न हो, इसीलिए इस दिन दान, पूजा, जप तप का फल अनन्त होता है। माना जाता है कि इस दिन नया नमक घर में लाने से दरिद्रता और नकारात्मक उर्जा दूर होती है, इस दिन पीला वस्त्र पहनना समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है उत्तर दिशा में दीपक जलाना भी शुभ माना जाता है। इस अवसर पर मुनेन्द्र कुमार शर्मा, नीरज कटारा, दाताराम शर्मा, प्रकाशचंद शर्मा, बल्देव शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### प्रतिभाओं का किया सम्मान

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** बामनवास में भारतीय संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर पूर्व प्रधान कन्हैयालाल बेरवा के द्वारा प्रतिभावान छात्रों का सम्मान किया गया। पूर्व प्रधान कन्हैयालाल के द्वारा समाज के लिए 5100 रूपए का आर्थिक सहयोग करते हुए उन्होने सभी को नशा दूर रहे कर शिक्षा पर विशेष ध्यान देने का आव्हान किया।

# सौंफ की बंपर पैदावार, बेहतर भाव मिलने से खिले चेहरे



फोटो: 1910कैप्षन: भुसावर-वैर मे मसाला की खेती, सौंफ का उत्पादन सबसे अधिक

**भुसावर/भरतपुर, (निसं)।** उपखंड वैर व भुसावर परिक्षेत्र में सौंफ की बंपर पैदावार को लेकर चारों ओर चर्चा है। इस मार उत्पादन पिछले रिकॉर्ड को तोड़ने की ओर बढ़ रहा है। अच्छी पैदावार और बाजार में बेहतर भाव मिलने से किसानों और व्यापारियों के चेहरे खिले हुए हैं। यह क्षेत्र लंबे समय से बागवानी और मसाला खेती के लिए पहचान रखता है।

यहां सौंफ, धनिया, मिर्च, मैथी, हल्दी समेत एक दर्जन से अधिक

- **फूड प्रोसेसिंग यूनिट कराने के लिए मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री व स्थानीय विधायक को पत्र भेजा**

मसालों की खेती होती है। मसाला उत्पादन के साथ ही भुसावर मे अचार-मुरब्बा का कारोबार भी लगातार बढ़ रहा है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं।

राजघरानों तक रहा स्वाद का बलवा भुसाबर-वैर क्षेत्र के मसाले व अचार-मुरब्बा का स्वाद ऐतिहासिक रूप से प्रसिद्ध रहा है। बुजुर्ग किसानों के अनुसार भरतपुर, आगरा, ग्वालियर और उदयपुर के राजघरानों में यहां के मसाले खास पसंद किए जाते थे। वर्तमान में भी यहां का उत्पाद देशभर के साथ विदेशों तक भेजा जा रहा है।

समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता व पूर्व डेयरी चेयरमैन फतेह सिंह फेंटा के अनुसार भुसावर व वैर क्षेत्र में बागवानी और मसाला उत्पादन अधिक होने के बावजूद किसानों को पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसके लिए फूड प्रोसेसिंग यूनिट का जल्द शुरू होना जरुती है।

उन्होंने बताया कि नदबई तहसील के खटोटी गांव में पोषित यूनिट और भुसावर में स्वीकृत नई यूनिट की प्रक्रिया लंबित है। इसे जल्द शुरू कराने को लेकर मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री और स्थानीय विधायक को पत्र भेजा गया है।इससे यहां फूड प्रोसेसिंग यूनिट शुरू होने से किसानो को फायदा होगा व लाभ मिलेगा।

समाजसेवी सीमा लवली भारती ने बताया कस्बा भुसावर व वैर सहित इटामडा, बौराज, भागवानपुर, दीवली, नाथू का नगला, सैधली, कंचनपुरा, दयापरा, बारौली, मंसापुरा, बिजवारी, रायपुर, छौंकरवाड़ा खुर्द व कला, मालौनी समराया, झारोठी, अलीपुर, पथेना, हिंगोठा, आमोली, सलेमपुर खुर्द व कलां सहित दर्जनों गांवों में सौंफ की बडे पैमाने पर खेती होती है।कृषि कॉलेज के पूर्व डीन डॉ उदय सिंह के अनुसार सरकारी योजनाओं और आधुनिक तकनीक के कारण भरतपुर संभाग में बागवानी और मसाला खेती का रकमा लगातार बढ़ रहा है। किसानों को प्रशिक्षण और भ्रमण के जरिए खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## परशुराम का अभिषेक किया

**भरतपुर, (निसं)।** श्री ब्राहमण सभा खिरनी घाट में भगवान परशुराम जी का अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य में इस दिन परशुराम जी का जन्म हुआ था। सभी विप्र बन्धुओं ने 21 प्रखंड पंडितों के श्रीमुख से मंत्रोच्चार के साथ भगवान परशुराम का अभिषेक किया।

भगवान कापूजन डॉ. लोकेश शर्मा जिलाध्यक्ष द्वारा किया गया। साथ में पेंशनर समाज जिलाध्यक्ष डोरी लाल शर्मा, शिशुपाल लवानियां, योगेश लाला चेयरमैन अरबन कोपरेटिव बैंक, सुशील पाराशर, नैमीचंद शर्मा, महावीर खोंकर, केदारनाथ पाराशर, गिरिजा शंकर, गौरीशंकर, जितेन्द्र टीटू ने उनका पूजन में सहयोग किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. देवेन्द्र शर्मा कमान्डेंट 7वीं वटालियन आरएसी भरतपुर के साथ केशव पंडित, ब्रजकिशोर आदि थे। कमान्डेंट साहब का स्वागत कौशलेश शर्मा ने माला साफा पहनाकर किया। बाद में प्रसादी का वितरण किया गया।

# जिला कलेक्टर ने चंबल परियोजना का लिया जायजा

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** जिला कलेक्टर कानाराम ने चंबल-नादौती-सवाई माधोपुर वृहद पेयजल परियोजना का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और तकनीकी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अधीक्षण अभियंता जी.एस. शर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने मण्डरायल स्थित सीडब्ल्यूआर सेंटर, फिल्टर प्लांट और राजघाट के इनटेक वेल का अवलोकन किया।

- **काम को तय समय में पूरा करने के दिए निर्देश**

जिला कलेक्टर कानाराम ने जल उपलब्धता और क्षमता का आकलन करते हुए भीषण गर्मी के मद्देनजर पेयजल आपूर्ति की तैयारियों की समीक्षा की।उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि यह परियोजना जिले में दीर्घकालिक और सतत पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। परियोजना के तहत मण्डरायल के पास चंबल नदी से पानी पंप कर रॉ-वॉटर जलाशय में संग्रहित किया जाएगा। इसे शोधन के बाद पाइपलाइन के जरिए शहरों और गांवों तक पहुंचाया जाएगा। इसमें तीन माह की अतिरिक्त जल आवश्यकता के अनुसार जलाशयों का निर्माण भी शामिल है।

अधीक्षण अभियंता ने बताया कि लगभग 4060 करोड़ रुपए की लागत से स्वीकृत इस परियोजना से सवाई माधोपुर और करौली के 1426 गांव और 8 शहर लाभान्वित होंगे। सवाई माधोपुर जिले के 579 गांव और 4 शहर इसमें शामिल हैं। यह योजना वर्ष 2054 तक की अनुमानित 19.5 लाख आबादी को ध्यान में रखकर तैयार की गई है।

निरीक्षण के बाद जिला कलेक्टर कानाराम ने हिंगोटिया स्थित चंबल पंप हाउस का भी निरीक्षण किया और एक समीक्षा बैठक ली। उन्होंने 7 दिन में ट्यूबवेल के विद्युत कनेक्शन जारी करने और 15 नए ट्यूबवेल शुरू करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जल आपूर्ति 4 एमएलडी से बढ़ाकर 6 एमएलडी करने के भी निर्देश दिए, जिससे गंगापुर सिटी में पेयजल व्यवस्था में सुधार होगा।

उन्होंने कहा कि परियोजना पूर्ण होने पर क्षेत्र में पेयजल संकट का स्थायी समाधान होगा और हजारों परिवारों को राहत मिलेगी।

# जयपुर ने करौली को हराकर खिताब अपने नाम किया

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** डिस्कॉम क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन-3 के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले रविवार को गंगापुर सिटी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान पर खेले गए। जयपुर ने करौली को हराकर खिताब अपने नाम किया।

आयोजन समिति के सदस्य मनीष कुमार शर्मा और भूपेश शर्मा ने बताया कि पहला सेमीफाइनल जयपुर और सवाई माधोपुर के बीच हुआ। सहायक अभियंता शुभम गुप्ता मुख्य अतिथि रहे। जयपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 182 रन बनाए। जवाब में सवाई माधोपुर की टीम 8 विकेट पर 99 रन ही बना सकी और जयपुर ने यह मुकाबला जीत लिया। इस मैच में



विजेता टीम के कप्तान को ट्राफी देते अतिथी।

सीताराम ने शानदार शतक जड़ते हुए श्मैन ऑफ द मैचश का खिताब हासिल किया। दूसरा सेमीफाइनल गंगापुर सिटी और करौली के बीच खेला गया। गंगापुर सिटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 133 रन का लक्ष्य दिया। करौली की टीम ने 5 विकेट खोकर 134 रन बनाकर जीत दर्ज की।

## अनोखी पहल बनी चर्चा का विषय

**टोडाभीम, (निसं)।** भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच जहां इंसान पानी की बूंद-बूंद के लिए तरस रहा है, वहीं बेजुबान पक्षियों और सूखे की मार झेल रहे पेड़ों की सुध लेने के लिए समाजसेवी जंगली राम मीणा आगे आए हैं। क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण को लेकर उनकी एक अनोखी पहल अब चर्चा का विषय बनी हुई है। जंगली राम मीणा ने न केवल पक्षियों के लिए परिंडे लगाए हैं, बल्कि सूखते हुए पेड़ों को पुनर्जीवित करने के लिए वृक्ष जल सेवा अभियान शुरू किया है।अक्सर देखा जाता है कि पौधारोपण के बाद उनकी उचित देखभाल नहीं होने से वे दम तोड़ देते हैं। इसी समस्या को देखते हुए समाजसेवी जंगली राम मीणा ने अपनी टीम के साथ उन्हीं के द्वारा चारागाह भूमि में लगाए गए कम से भी कम 200 पेड़ों को पानी देने का कार्य किया।

## सार-समाचार

### खेड़ी हैवत में किसान महापंचायत

**हिण्डौन सिटी/सूरौठ, (निसं)।** खेत बचाओ संघर्ष समिति के तत्वावधान में गुसांई बाबा आश्रम, खेडी हैवत में शनिवार को आयोजित विशाल किसान महापंचायत में ब्यावर-भरतपुर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे एवं प्रस्तावित नहरी परियोजना के विरोध में किसानों का जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला। हजारों किसानों ने जान देंगे, जमीन नहीं देंगे के नारों के साथ दोनों परियोजनाओं को तत्काल निरस्त करने की मांग उठाई। महापंचायत को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रामपाल जाट ने कहा कि प्रस्तावित परियोजनाओं से 9 जिलों की करीब 1 लाख हेक्टेयर उपजाऊ एवं सिंचित भूमि प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि किसान का जीवन उसकी जमीन से जुड़ा है और जमीन छिनने पर किसान का अस्तित्व संकट में पड़ जाएगा। विकास के नाम पर किसानों के खेत उजाड़ना किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि एक्सप्रेस-वे और नहरी परियोजना से हजारों गांवों के लाखों किसान परिवारों की आजीविका प्रभावित होगी। इससे कृषि उत्पादन के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा। महापंचायत में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर राज्य सरकार को 15 दिन का अल्टीमेटम दिया गया। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय में परियोजनाएं निरस्त नहीं की गईं तो जिला मुख्यालयों से लेकर राजधानी जयपुर तक अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जाएगा।महापंचायत में बड़ी संख्या में किसानों की मौजूदगी और जय जवान, जय किसान के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। किसानों की भारी भागीदारी ने इस मुद्दे पर ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक असंतोष का संकेत दिया।महापंचायत में रामेश्वर चौधरी, गोपाल सिंह डागुर, भरत सिंह डागुर, नंदराम जाट, मानसिंह जाट, विष्णु डागुर, तेज सिंह डागुर, बत्तीलाल बैरवा, विकास डागुर, अजीत डागुर, ब्रजकिशोर, मानसिंह सोमाली, गोपाल डांगुर, रिंकू सहित हजारों किसान मौजूद रहे। अंत में खेत बचाओ संघर्ष समिति ने किसानों से एकजुट रहने और आगामी आंदोलन को मजबूती देने की अपील की।

### सर्व समाज सहायता टीम ने किया कन्यादान

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** सर्व समाज सहायता टीम करौली ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए गांव शेरपुर निवासी स्व. कैलाश जाटव की दो पुत्रियों रवीना और प्रियंका की शादी में कन्यादान कर सहयोग प्रदान किया। टीम ने शादी के लिए आवश्यक घरेलू सामान भेंट कर दोनों बेटियों को आशीर्वाद दिया। टीम सदस्य करतार सिंह चौधरी धंधावली ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना मिलने पर टीम ने दोनों जरूरतमंद बेटियों की शादी में सहयोग करने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि टीम पिछले 4 वर्षों से बेसहारा, पीड़ित परिवारों और अनाथ बच्चियों की शादी में सहयोग कर रही है तथा अब तक 28 बच्चियों के विवाह में सहयोग कर चुकी है। जानकारी के अनुसार दोनों बच्चियों के पिता स्व. कैलाश जाटव का 5 वर्ष पूर्व निधन हो चुका है। परिवार का पालन-पोषण उनकी विधवा मां मजदूरी कर रही है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की स्थिति को देखते हुए टीम ने विवाह में सहयोग किया। सर्व समाज सहायता टीम द्वारा सिंगल बैड, आलमारी, वक्सा, गद्दे, बेडशीट, तकिए, कुर्सियां, कूलर, फ्रीज, मथानी, सिलाई मशीन, मिक्सी, एलईडी तथा बर्तन सेट सहित अन्य जरूरी घरेलू सामान भेंट किया गया। इस अवसर पर जियालाल डागुर, शिव सिंह डागुर, रामप्रकाश डागुर, सत्यवीर डांगुर, अरुण डागुर, नाहर सिंह डागुर, सोनू डांगुर, करतार सिंह चौधरी, शिवचरण जाटव, जितेन्द्र, रामदयाल, निहाल और जनक सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### महाआरती में उमड़े लोग

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** उपखण्ड मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में अक्षय तृतीया पर्व पर रविवार को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर के पटवा बाजार स्थित ब्राह्मण परशुराम धर्मशाला में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह पंडित खेमराज खेड़ापति के नेतृत्व में 5 आचार्यों द्वारा विधि-विधान से पूजन, अर्चना और अभिषेक के साथ हुई। इसके बाद हवन का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की गई। श्रद्धालुओं को प्रसादी भी वितरित की गई। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान परशुराम को भगवान विष्णु का छठा अवतार माना जाता है। उन्होंने अधर्म का विनाश कर धर्म की स्थापना के लिए अवतार लिया था। वे पराक्रम, तपस्या और न्यायप्रियता के प्रतीक हैं, जिनकी जयंती पर ब्राह्मण समाज विशेष उत्साह के साथ आयोजन करता है। भगवान परशुराम की महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान संयोजक डॉ. अनुज शर्मा, कमलेश जोशी, मीठालाल बोहरा, कुलदीप जैमिनी, रामबाबू, अजय पाराशर, राकेश उपाध्याय, सोमदत्त शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 22 अप्रैल से 5 दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। ब्राह्मण समाज के लोगों से अपने-अपने घरों में दीप जलाकर भगवान परशुराम के जन्मोत्सव को उत्सव के रूप में मनाने का आह्वान भी किया गया।

### प्याऊ का शुभारंभ

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** अग्रवाल समाज के प्रख्यात वकील रमेश चंद गुप्ता की स्मृति में उदेई मोड गंगापुर सिटी में श्री टॉवर के पास शर्बत पिला कर शीतल पेय जल की प्याऊ का शुभारंभ किया गया। लोगों ने गर्मी को देखते हुए कहा कि इस जगह लोगों की आवाजाही बहुत ज्यादा होती है लेकिन मीठा पेयजल उपल्ब्ध नहीं हो पाता इस जगह पर प्याऊ लगाना बहुत ही पुण्य का कार्य है। धर्मात्माओं द्वारा ऐसे काम किए जाते रहे हैं। उद्घाटन समारोह में ओमप्रकाश धर्मकांटा, विनोद कैमरी, राजेश महोली, कुश मंगल एडवोकेट, अशोक पम्प, प्रदीप कोटे, राजकुमार खुटला, वीरेन्द्र ड्राइवर, राकेश लोटस, रोहित आदि मौजूद थे।

### तीन आरोपी गिरफ्तार

**डीग/भरतपुर, (निसं)।** एस पी शरण गोपीनाथ के द्वारा डीग जिले में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए वांछित अपराधियों की धरपकड के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खोह थाना पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हर लूट व अपहरण के 3 आरोपियों को गिरफतार कर 2 अपहृत व्यक्तियों को दस्तयाब किया है।खोह थाना प्रभारी शिव लहरी मीणा ने बताया है कि शनिवार को कन्ट्रोल रूम से सूचना प्राप्त हुई कि गांव दिदावली से गांव टाँकोली के बीच महमदपुर मोड पर कुछ बदमाश एक ट्रैक्टर मय ट्रॉली को लूटकर 2 व्यक्तियो का अपहरण कर ले गये है। जिस पर थाना प्रभारी शिवलहरी मीणा मय टीम के घटना स्थल पहुंचे जहाँ पर पीड़ित ओमी निवासी कनवाडा से पूछताछ की तो उसने बताया कि कुछ लोग हमारे ट्रैक्टर ट्रॉली को लूटकर व हमारे 2 साथियो श्याम व विष्णु का अपहरण कर ले गये है, जो महमदपुर की तरफ गये है। पुलिस को मुखविर सूचना मिली कि लूट करने वाले बदमाशो ने अपहर्तों को गांव रायबका और नंगला भिडया के बीच जंगल मे बिठा रखा है। जिस पर थाना प्रभारी शिव लहरी मीणा ने मय जाप्ता के मुखबिर द्वारा बताये स्थान पर दबिश देकर दोनों अपहर्तो को दस्तयाब कर इस मामले में लवकुश 32 बर्ष पुत्र बिज्जो गुर्जर , रामवीर 20 बर्ष पुत्र बच्चू गुर्जर और राधे उर्फ राधेश्याम 42 बर्ष पुत्र खिल्ली राम गुर्जर निवासीयान नंगला भिड्या थाना खोह को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्धारा गिरफ्तार तीनों आरोपियों से लूट कर ले गये ट्रैक्टर ट्रॉली व अन्य लूट व अपहरण मे सम्मिलित साथियो के बारे मे गहनता से पूछताछ व अनुसंधान जारी है।

### विशेष अभियान का आयोजन

**करौली, (निसं)।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नगरीय निकायों की मतदाता सूचियों के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी व एसडीएम प्रेमराज मीना के निर्देशन में आज करौली नगर परिषद क्षेत्र में विशेष अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान नगर परिषद करौली के अंतर्गत नियुक्त प्रगणक अपने-अपने मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहे और मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने तथा संशोधन संबंधी आवेदन निर्धारित प्रारूप में प्राप्त किए। इस दौरान नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने नाम सूची में सम्मिलित कराने एवं आवश्यक संशोधन कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। निर्वाचन कार्यालय राजेन्द्र दीवान ने जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे नागरिक जिनका नाम अभी तक नगर परिषद करौली की मतदाता सूची में दर्ज नहीं है तथा जिनकी आयु 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, वे अपने वार्ड के मतदान केंद्र पर नियुक्त प्रगणक के माध्यम सेअपने निवास एवं जन्म तिथि प्रमाण के दस्तावेज प्रस्तुत कर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। इसके अतिरिक्त जिन मतदाताओं के विवरण में त्रुटि है, वे भी संशोधन हेतु आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के तहत अगला विशेष अभियान रविवार, 26 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। मतदाता सूची से संबंधित दावे एवं आक्षेप प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि सोमवार, 27 अप्रैल निर्धारित की गई है।

# विश्व विरासत दिवस पर वाद विवादित प्रतियोगिता

**करौली, (निसं)।** विश्व विरासत दिवस के अवसर पर के करौली चैप्टर के तत्वावधान में श्री कैलादेवी मंदिर सीनियर सेकेंड्री स्कूल कैलादेवी, करौली में विश्व विरासत दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना से किया गया। इस अवसर पर स्कूल में पिछले 12 वर्षों से चल रहे यंग हेरिटेज क्लब की छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

सबसे पहले सरस्वती वंदना के साथ प्रदेश की अमूर्त विरासत के प्रतीक सामूहिक शास्त्रीय घूमर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति छात्राओं ने स्टेज पर दी। इसके उपरांत ज्वलंत विषय "ऑन लाइन और ऑफ लाइन शिक्षा" पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें दो - दो छात्राओं के ग्रुप ने पक्ष और विपक्ष के गुण दोष का विवेचन किया। विरासत संरक्षण पर यंग हेरिटेज क्लब के छात्र सदस्यों ने विरासत संरक्षण के महत्व पर अपने भाषणों के माध्यम से प्रकाश डाला। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूर्वा मुखर्जी ने विरासत दिवस पर विरासत के प्रति नई उमर से ही छात्र छात्राओं में जागरूकता जगाने के महत्व पर अपने सारगर्भित वक्तव्य के माध्यम से प्रकाश डाला तथा इंटेक चेप्टर करौली के संयोजक महाराजा कृष्णचंद्र पाल, राजपरिवार एवं सहसंयोजक राव शिवराज पाल के विरासत संरक्षण में योगदान के बारे में बताया। इंटैक हेरिटेज यंग क्लब की इंचार्ज किरन जादौन के संयोजन में वाद विवाद प्रतियोगिता में रजनी, सीरत, निधि, एवं छवि विजयी रही, वहीं भाषण प्रतियोगिता में मनु शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को प्रधानाचार्या ने पुरस्कार वितरण कर सम्मानित कर उनका उत्साह वर्धन किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में करौली चैप्टर के संयोजक और ट्रस्ट कैलादेवी के सोल ट्रस्टी महाराजा कृष्ण चंद्र पाल का संदेश भी बच्चों को बताया गया। इसके साथ ही इस अवसर पर बच्चों में विरासत के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए उन्हें सिटी पैलेस करौली, कल्याण राय जी मंदिर, अंजनी माता मन्दिर, मदनमोहन जी मंदिर भ्रमण पर ले जाया गया। प्रधानाचार्या पूर्वा मुखर्जी के सानिध्य और किरण जादौन के संयोजन में विद्यार्थियों एवं विद्यालय से समस्त स्टाफ ने विरासत भ्रमण के बाद विरासत संरक्षण का संकल्प लिया।

# भगवान परशुराम के आदर्श आज भी प्रासंगिक : डॉ शैलेश सिंह

**डीग, (निसं)।** डीग में भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज जिला डीग द्वारा बैंड-बाजों और भगवान परशुराम के जीवन दर्शन पर आधारित आकर्षक झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसे राधावल्लभ जी मंदिर से विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने हरी झंडी दिखाकर

- **विधायक सिंह ने हरी झंडी दिखाकर समाज को एकता, धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलने का दिया संदेश**



डीग में जिला ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली।

रवाना किया।

इस दौरान विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान परशुराम केवल एक धार्मिक प्रतीक नहीं, बल्कि सत्य, साहस और धर्म की रक्षा के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि परशुराम जी ने अन्याय और अत्याचार के खिलाफ खड़े होकर समाज को न्याय का मार्ग दिखाया, जो आज भी हर व्यक्ति के लिए प्रेरणादायक है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है, ताकि समाज में नैतिक मूल्यों, अनुशासन और एकता को मजबूत किया जा सके। डॉ. सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति व परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने सभी से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देने का आव्हान किया।शोभा यात्रा में ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष रमेश लवानिया, लक्ष्मण मंदिर के महंत पंडित मुरारी लाल पाराशर, मोहन स्वरूप पाराशर, रमाकांत शर्मा, हरि कृष्ण शर्मा, सोहनलाल शर्मा, रूप किशोर मुद्गल, हरिशंकर शर्मा पार्षद राहुल लवानिया, प्रदीप शर्मा बंटू, डॉ सुरेश लवानिया, चंद्रभान शर्मा, जितेंद्र पाराशर, डॉ सुरेश लवानिया आदि मौजूद रहे।